तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

9 तेरह दिनों में आठ डिलीवरी लेकिन खाना एक जच्चा को भी नसीब नहीं



9 सभी ड्रेन और नालों की साफ-सफाई के निर्देश



## खबर संक्षेप

### जेवरात व बर्तनों समेत हजारों का सामान चोरी

**अलेवा।** मांडी खुर्द निवासी एक व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण के दौरान घर के बाहर रखे संदूक से सोने व चांदी के जेवरात व बर्तनों समेत हजारों का सामान चोरी के मामले की शिकायत अलेवा पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में मांडी खुर्द निवासी वेदपाल ने बताया कि उसके नाम से सरकार द्वारा कालोनी पास की गई है।

### तेज गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**जींद।** नरवाना के हिसार रोड पर सत्संग भवन के निकट तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बद्दोवाला निवासी सुरेद्र मगंलवार को ज्वार का बीज लेने नरवाना आया था। दोपहर को साइकिल से घर आ रहा था।

### उल्हाना देने गए बाप-बेटे पर किया हमला, केस दर्ज

**जींद।** विकास नगर में उल्हाना देने गए बाप बेटे पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुप्ता कालोनी निवासी निखिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी विकास नगर निवासी अमित के साथ पहले दोस्ती थी। बाद में बोलचाल बंद हो गई। अमित ने फोन कर उसे रोहतक रोड पर बुला लिया।

### स्कूटी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** कैथल के गांव तितरम में स्कूटी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव सारन के जयप्रकाश ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 11 मई को सुबह के समय धर्मपाल गांव तितरम से जा रहा था तो एक अज्ञात स्कूटी चालक ने तेज गति और लापरवाही से चला कर उसे चपेट में ले लिया।

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने जुलाना के करसोला मोड पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि करसोला मोड पर हाइवे पूल के नीचे एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** कैथल की बालाजी कॉलोनी में बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने सब का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव सेरधा के सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 मई को जब राजेश बालाजी कॉलोनी कैथल से जा रहा था तो अज्ञात ने बाइक को तेज गति से चलते चपेट में ले घायल कर दिया।

### जमीन को लेकर झगड़े में तीन घायल, केस दर्ज

**जींद।** सफीदों में जमीन ठेके की बातचीत के दौरान के झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत तीन लोगों को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हथियारों के साथ पोस्ट डालने का आरोपी काबू

**कैथल।** असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसते एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में पीएसआई सुमित कुमार की टीम ने आरोपी मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। आरोपी मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी का 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

## पिछले साल 90.07% के साथ चौथे पर था, इस बार 91.05 के साथ अव्वल, स्कूलों में रही खुशी की लहर

# 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जींद हरियाणा में टॉप

12वीं की परीक्षा में जींद जिले के 12 हजार 248 बच्चों ने परीक्षा दी थी, इनमें 11152 बच्चे पास जबकि 879 बच्चों की कंपार्टमेंट और 217 विद्यार्थी फेल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जींद जिला प्रदेश में टॉप पर रहा। जींद का पास प्रतिशत 91.05 प्रतिशत रहा। जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। वहीं पिछले साल जींद 90.07 प्रतिशत रिजल्ट के साथ प्रदेश में चौथे नंबर पर था। 12वीं की परीक्षा में जींद जिले के 12 हजार 248 बच्चों ने परीक्षा दी थी। इनमें 11152 बच्चे पास हुए जबकि 879 बच्चों की कंपार्टमेंट आई है और 217 बच्चे फेल हो गए। पिछले साल 13 हजार 670 बच्चों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। जिसमें 12313 बच्चे पास हुए थे जबकि 231 बच्चे फेल हो गए थे। 1126 बच्चों की कंपार्टमेंट आई थी। इसके अलावा 2023 में जींद जिले का पास प्रतिशत 87.69 प्रतिशत था और जींद प्रदेश में तीसरे नंबर पर था। उस समय 16081 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 14102 बच्चे पास हुए थे और 1979 बच्चों की कंपार्टमेंट आई थी। साल 2022 और 2021 में कोरोना काल के कारण सभी बच्चों को पास कर दिया गया था। इस बार पिछले चार सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए जींद जिला पास प्रतिशत में प्रदेश में टॉप पर रहा। जींद जिले के दो बच्चों ने प्रदेश के टॉप 5 में भी जगह बनाई है। सिया और महक ने स्कूल में पाया पहला स्थानः हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा बारहवीं कक्षा के परिणाम में अहिरका गांव के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 107 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रबंधक वजीर ढांडा के अनुसार प्रथम स्थान पर सिया पुत्री नगेंद्र 95.2 प्रतिशत और महक पुत्री सतीश 95.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर प्राची पुत्री विजय सिंह 95 प्रतिशत रही। तृतीय स्थान पर प्रिया पुत्री राजेश 94.4 प्रतिशत पर रही। 95 प्रतिशत से ज्यादा तीन बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा 12 बच्चों ने 85 प्रतिशत से ज्यादा, 34 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा 52 बच्चों ने अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा और प्रधानाचार्या सुधा शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### बच्चों को मिठाई खिलाकर बढ़ाया उत्साह



जींद। मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते प्राचार्य रविंद्र। फोटो :हरिभूमि

### मोतीलाल स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय जींद 10वीं और 12वीं कक्षा की सीबीएसई परीक्षा में इतना उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए अपने छात्रों पर बहुत गर्व महसूस करता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार के अनुसार 12वीं कक्षा में आठ बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 36 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए और 35 बच्चों ने मेरिट हासिल की। 12वीं कक्षा में पायल ने 94.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, केशव, रिषिका ने 93.4 द्वितीय स्थान और प्रयास ने 92.8 तृतीय हासिल किया। हर वर्ष की तरह दसवीं कक्षा का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। 16 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए और 29 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए और 43 बच्चों ने 75 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट हासिल की। दसवीं कक्षा में केतन ने 98.6 प्रतिशत लेकर स्कूल में टॉप किया है। भास्कर पुत्र प्रदीप कुमार ने 96 प्रतिशत राजदेव पुत्र नरेश कुमार ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को मिठाइयां खिलाई और फूलों की माला पहनाई और कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव का पल है । विद्यार्थी और अध्यापक सभी बधाई के पात्र है। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हैड कॉऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



जींद। स्कूल प्रबंधक वीरेंद्र ढिल्लो के साथ मौजूद स्टेट टापर सरोज और अन्य मेधावी विद्यार्थी।

### डीएन स्कूल की सरोज ने प्रदेश में चमकाया स्कूल का नाम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा सरोज पुत्री परमजीत ने आट्र्स स्ट्रीम में 500 में से 494 अंक प्राप्त करके प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूल की छात्रा तूलिका ने 483 अंकों के साथ स्कूल में दूसरा, छात्र अमानत ने 470 अंकों के साथ स्कूल में तीसरा, छात्रा सिमरन ने 467 अंकों के साथ स्कूल में चौथा, छात्रा प्रियांशु व रवीना ने 466 अंकों के साथ स्कूल में पांचवां स्थान प्राप्त किया। हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सरोज ने भूगोल व अर्थशास्त्र विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रा ने दसवीं की वार्षिक परीक्षा में भी प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने बताया कि स्कूल के कुल 90 विद्यार्थियों में से 47 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में प्राप्त करके शानदार प्रदर्शन किया है और विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गणित, भूगोल, हिंदी, अर्थशास्त्र व अकाउंट विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। केमिस्ट्री, अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र, कंप्यूटर साइंस व संगीत विषय में 99 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी अभिभावकों, विद्यार्थियों व अध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सरोज ने हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करके शिक्षा के क्षेत्र में अपने जिले का गौरव बढ़ाया है।

## नॉन मेडिकल संकाय में इंडस स्कूल की निशा 97.4 प्रतिशत अंक लेकर जिले में रही अव्वल

### कला संकाय में पुलकित 97.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले में द्वितीय

- इंडस की दसवीं की यशिका और सूर्यांश ने 99.2 % अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर फिर पूरे जींद जिला में शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। मंगलवार को घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में इंडस पब्लिक स्कूल जींद की मेडिकल संकाय का छात्र आदित्य शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए नॉन मेडिकल संकाय में निशा ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कला संकाय में पुलकित ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्ससंकाय में शीतल ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर परचम लहराया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि स्कूल के 290 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसके तहत 19 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए, 51 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत सेअधिक अंक प्राप्त किए। 136 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 178 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इसी तरह दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भी स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसमें यशिका और सूर्यांश ने 99.2 प्रतिशत अंक लेकर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरविंद नेहरा ने ने 98.6 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान और अंश और अक्षय दलाल ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंडस पब्लिक स्कूल जींद में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कक्षा दसवीं में 333 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसके तहत 40 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 94 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 184 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 220 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दोनों कक्षओं का शत-प्रतिशत परिणाम रहा।



जींद। बेहतरीन रिजल्ट पर खुशी व्यक्त करते इंडस स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि



अंश।



सूर्यांश।



अक्षय दलाल।



जींद। बेहतरीन रिजल्ट पर खुशी व्यक्त करते इंडस स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

### धैर्य संग परिश्रम व हिम्मत निरंतर सफलता के सूत्र

संस्था निदेशक सुभाष श्योराण ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं प्राचार्या को बधाई दी। उन्होंने कहा कि धैर्य के साथ परिश्रम और हिम्मत निरंतर सफलता के सूत्र हैं। इसलिए लगातार मेहनत के साथ आगे बढ़ कर जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। स्कूल निदेशिका रचना श्योराण ने स्कूल के इस शानदार परीक्षा परिणाम पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल के परीक्षा परिणाम लगातार बुलंदियों को छू रहे हैं। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को स्वच्छ वातावरण और श्रेष्ठ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना ही हमारा संकल्प है और इस संकल्प को हमारा परीक्षा परिणाम सार्थक कर रहा है। उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में मनुष्य की अनेक परीक्षाएं होती हैं, जो बच्चे सतत परिश्रम करने की आदत डाल लेते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है।



नरवाना। निधि को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### वेदांता इंटरनेशनल के विद्यार्थी छाए

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोदा खुर्द ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का प्रमाण देते कक्षा 12वीं ब्ठैम् बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की होनहार छात्रा निधि पुत्री बंटी ने वाणिज्य संकाय में 98.6: अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर बनकर इतिहास रच दिया। निधि ने ।बबवनदजंदबल विषय में पूर्ण अंक ;100: 100 हासिल कर यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य संभव है। इसके अतिरिक्तए छात्रा मनप्रीत ने भी 98: अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वाणिज्य संकाय में कुल 19 में से 17 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कियाए जबकि मेडिकल व नॉन.मेडिकल संकाय में कुल 61 में से 33 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान पाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।नॉन.मेडिकल संकाय से छात्रा ईशिका पुत्री संजय कुमार ने 95: अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल कीए वहीं छात्र विपुल पुत्र मुकेश कुमार ने 94ण्6: अंक प्राप्त कर स्कूल की श्रेष्ठता को और ऊँचाई दी।

# कैथल ने प्रदेश में परीक्षा परिणाम में पाया दूसरा स्थान

- एचबीएसई 12वीं का परिणाम इस बार दो प्रतिशत बढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की ओर से मंगलवार सुबह के समय 12वीं की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया। इस बार कैथल जिले के विद्यार्थियों ने उम्मीद से अधिक बेहतर प्रदर्शन करते हुए परिणाम में अपनी छाप छोड़ी है। इस बार कैथल जिले ने परीक्षा परिणाम में प्रदेश में दूसरा स्थान पाया है। जबकि जींद जिले में पहला स्थान पाया है। वहीं, इस बार जिले में 12वीं की कक्षा का तीन प्रतिशत तक परिणाम बढ़ा है। जिले का पिछली बार 12वीं कक्षा का परिणाम 88.70 प्रतिशत रहा था। इस बार यह करीब दो प्रतिशत तक बढ़कर 90.68 प्रतिशत रहा है। इस साल पूरे जिले के निजी व सरकारी स्कूल के 9576 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 8684 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि 211 विद्यार्थी परीक्षा में पूरी तरह से फेल रहे और 681 विद्यार्थियों की रि अपीयर आई है।

### जाखौली आदर्श स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के विद्यार्थियों ने 12 वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। कुल 81 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने उत्तीर्ण होकर सफलता की मिसाल कायम की। 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर 31 बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। नॉन मेडिकल स्ट्रीम की छात्रा प्रीति ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कॉमर्स स्ट्रीम में तमन्ना ने 90.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आट्र्स स्ट्रीम में मुस्कान ने 88.5 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फाइन आट्र्स विषय में तीन विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। गणित विषय में भी एक छात्र ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### जिले के लिए गर्व की बात

जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने इस बार आए परीक्षा परिणाम पर अपनी खुशी जताई है। गागट ने बताया कि यह जिले के लिए एक गर्व की बात है कि सरकारी स्कूल के पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी ने न केवल जिला, बल्कि पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। विभाग की ओर से इस साल भी सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के पूरे प्रयास किए गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि अब आगामी परीक्षा परिणाम में भी कैथल जिले के विद्यार्थी छाएंगी।

### गुहला-चीका के अर्पणदीप प्रथम

एचबीएसई की ओर से पिछले साल ही परीक्षा परिणाम राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रणाली के तहत घोषित करने की रिवायत शुरू की थी। इसके तहत जिलावार टॉपरों की सूची निकालना बंद कर दिया गया था। ऐसे में इस बार प्रदेश स्तर पर टॉप टेन की सूची निकाली है। इसी सूची में पहली बार ही ऐसा हुआ कि कैथल जिले ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसमें गुहला-चीका क्षेत्र के स्योंमाजरा गांव के सरकारी स्कूल के टॉपर अर्पणदीप सिंह ने प्रथम स्थान पाया है।

## सर्वसम्मति से घोषित किए प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष व 11 सदस्य

# रणदीप सुरजेवाला-रामपाल माजरा के पैनल में सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट हाई स्कूल सोसायटी कैथल के चुनाव में आज नॉमिनेशन का आखिरी दिन में रणदीप सुरजेवाला और रामपाल गुट में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी हेतु पैनल की घोषणा हुई। इसमें प्रधान, उपप्रधान, कोषाध्यक्ष व सचिव सहित अन्य 11 मेंबर पर सहमति बन गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने अहम भूमिका निभाते सर्वसम्मति से उम्मीदवारों के पैनल का चयन किया लेकिन सायं को अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए। रणदीप सुरजेवाला ने पैनल में नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दीं और मिलजुल कर संस्था हित में काम करने की सलाह दी। सुरजेवाला ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि जाट शिक्षण संस्थान में ऊंची बुलंदियों पर लेकर जाएं। संस्था हित के लिए व शिक्षण संस्थान को बढ़ावा देने के लिए नए कोर्स लाने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि संस्थान में 36 बिरादरी के गरीब, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए फीस माफी का प्रावधान किया जाएगा। आधुनिक शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। खेल स्टेडियम, आईटीआई, बीएड कॉलेज, स्कूल और कॉलेज में सुधार हेतु बेहतर प्रयास भी किए जाएंगे। हमने मिलकर समाज के सहयोग व कॉलेजियम के सभी सदस्यों के समर्थन के साथ संस्था हित में सर्वसम्मति कराने का फैसला लिया है। सुरजेवाला ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी हेतु पैनल का जिक्र करते कहा कि जाट हाई स्कूल सोसायटी में प्रधान पद के लिए राजकुमार बैनीवाल बुढ़ाखेड़ा, उपप्रधान पद के लिए बलजिंद्र भनवाला, सचिव पद के लिए एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष पद के लिए बलकार नैन व 11 सदस्य कमेटी में सत्यवान माजरा, कुलदीप गयोंग, राजपाल गुहना, जसबीर मानस, स्वतंत्र देवीगढ़, रजत रापड़ियि, दलबीर देवबन, सन्नी चौशाला, विक्रम सौंगल, महावीर तारागढ़ व महावीर नंबरदार कैलरम को सर्वसम्मति से उम्मीदवार घोषित किया है। अपनी तरफ से नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई शुभकामनाएं दी।




कैथल। राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला व इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा संयुक्त पैनल की घोषणा करते। फोटो :हरिभूमि

### इन्होंने भी भरे नामांकन पत्र

जाट हाई स्कूल सोसायटी के कार्यकारिणी चुनाव के लिए सुरजेवाला और माजरा गुट द्वारा सर्वसम्मति से पैनल का चयन करते हुए सभी पदों के लिए नामांकन करवा दिया गया था लेकिन सायं को प्रधान पद के उम्मीदवार मेहर सिंह मौण, उपप्रधान पद के लिए सतीश अटेला, सेक्रेट्री पद के लिए गुरनाम ढुल, कोषाध्यक्ष पद के लिए राजपाल लैलर ने अपना नामांकन दाखिल किया।

### गाड़ी का टायर बदल रहे चाचा और भतीजे की मौत

**जींद।** गांव भम्भेवा के निकट नेशनल हाईवे 352ए पर बीती देर रात तेज रफ्तार गाड़ी ने दुग्ध लोड पिकअप गाडी का टायर बदल रहे चाचा-भतीजे का टक्कर मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर दूसरा चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ब्यानाखेड़ा निवासी अंग्रेज, उसका बेटा जसमेर, चचेरा भाई वीरेंद्र पिकअप गाड़ी में दुग्ध के ड्रम लेकर गांव महशाणा जा रहे थे। गांव भंभेवा के निकट नेशनल हाईवे 352ए पर उनकी पिकअप गाडी मे पंक्चर हो गया। जसमेर तथा वीरेंद्र नीचे उतर कर गाड़ी का टायर बदलने लगे। उसी दौरान गोहाना की तरफ जा रही तेजरफ्तार गाड़ी ने जसमेर तथा वीरेंद्र को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अजाम देकर दूसरा गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style



# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ'में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून'में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस'और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी'इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस'और 'खतरों के खिलाड़ी'के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया'ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की



शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।

# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर'' डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।

### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा



अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।

***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।





***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर



भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### ठगों ने अलग-अलग मामलों में हजारों ठगे

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने धोखाधड़ी से 17000 रुपये की राशि ठगने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव तितरम के विक्रम ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 दिसंबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर डिजिटल ऐप इंस्टॉल करवाते हुए उसके खाते से 17000 रुपए की राशि ठग ली।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अलेवा।** कुचराना खुर्द निवासी किसान कृष्ण की हैरो चोरी करने के मामले में अलेवा पुलिस द्वारा सोमवार देर शाम को कुचराना खुर्द निवासी अजय उर्फ सुंडा व सुनील उर्फ काला को काबू किया है। पुलिस द्वारा पुछताछ के दौरान चोरी की गई हैरो को आरोपितों की निशानदेही पर खेतों से बरामद किया है। इसके अलावा चोरी के मामले में हैरो ले जाने के लिए इस्तेमाल किया गया स्वराज ट्रैक्टर भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया है।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के तहत बहादुरी, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आयु 18 वर्ष तक हो को प्रदान किए जाते हैं।

### रा.कालेज व प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय में एमओयू

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेज जींद और प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय जींद ने एक सामूहिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर प्राचार्य सत्यवान मलिक व लोक प्रशासन व राजनीतिक शास्त्र विभाग अध्यक्ष डा. युद्धवीर रेढू व प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महाविद्यालय के प्राचार्य जयनारायण गहलावत व डा. मोहित रंगा शामिल हुए।

### पोल्ट्री फार्म से चोरीशुदा बैटरी के साथ एक काबू

**जींद।** गांव बडनपुर पोल्ट्री फार्म से साइकिल पर बैटरी व अन्य सामान चोरी कर ले जा रहे युवक को पोल्ट्री फार्म मालिक ने काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव बडनपुर निवासी राजकमल ने पुलिस को शिकायत दी है।

### अंबेडकर सभा में रक्तदान शिविर का आयोजन 18 को

**नरवाना।** आगामी 18 मई को डॉ भीमराव अंबेडकर सभा नरवाना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अंबेडकर सभा के उप. प्रधान फुल कुमार ने बताया कि सभा द्वारा सामाजिक कार्यों में बढचढ कर भाग लिया जाता है। रक्तदान महादान होता है। हमारे द्वारा दान किए गए एक रक्त की बोतल से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

### आधुनिक खेती के लिए चलाया जाएगा अभियान

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र जींद के प्रभारी डा. रामकरण ने बताया की केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में 29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। कर्मचारी, स्थानीय कृषि कर्मियों के साथ टीम बनाकर प्रतिदिन गांवों में पहुंच कर किसानों से सीधे संवाद करेंगे।

### ढैंचा की बुआई पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक गिरीश नागपाल ने बताया कि इस वर्ष ढैंचा का बीज किसानों को सरकारी या गैर सरकारी किसी भी अधिकृत बीज विक्रय केंद्र से खरीदना होगा। बीज खरीदते समय दुकानदार से उचित बिल अवश्य प्राप्त करें।

## कमेटी ने मदद को उठाए हाथ, स्वास्थ्य विभाग ने नकारा

# तेरह दिनों में आठ डिलीवरी लेकिन खाना एक जच्चा को भी नसीब नहीं

### बोली सिविल सर्जन : एनएचएम में बजट की कमी, निदेशालय को लिखा पत्र, जच्चा को मिलता रहेगा खाना

### मिला आश्वासन अब नहीं रहेगी कोई जच्चा भूखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

सीएचसी अलेवा में सोमवार को जच्चा को खाना नहीं मिलने के मामले में मंगलवार को समाजसेवी मास्टर सुरजभान अलेवा की अध्यक्षता में गांव की कमेटी सीएचसी अलेवा पहुंची और जच्चा को खाना नहीं मिलने के मामले में सीएचसी मेडिकल आफिसर डा. विरेंद्र से विस्तार से बात कर सभी जच्चाओं को खाना आदि पेश करने की बात कही लेकिन मेडिकल आफिसर ने कमेटी को अपने स्तर पर ये सब प्रबंध करने की बात कह कर भविष्य में ऐसा नहीं होगा की बात कह कर कमेटी को संतुष्ट किया।

गौरतलब है कि गांव गोहियां निवासी पीड़ित महिला की सासु मां अजमेरो उर्फ जगीरो ने बताया था कि उसके लडक़े की पत्नी सपना ने सोमवार सुबह छह बजे के करीब सीएचसी अलेवा में एक स्वस्थ लडक़ी को जन्म दिया था। महिला के प्रसव के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जच्चा को पीने के लिए दूध तो उपलब्ध करवा दिया लेकिन भोजन के मामले में कर्मचारी जच्चा के हाथों में एक बिस्किट का पैकट देकर चलते बने। जिसके कारण आखिर में उनको घर से खाना आदि मंगवा कर खाना पड़ा। अजमेरो ने सवाल उठाया कि यूं तो सरकार गर्भवती महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाने की बात कहती है लेकिन धरातल पर खाना तक नहीं दिया जाता है। इस अवसर पर समाजसेवी कमेटी सदस्य गोशाला प्रधान राजकुमार, जोगिंद्र, वेदपाल, रमेश शर्मा, रमेश चहल आदि उपस्थित थे। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएचसी अलेवा में मई महीने में अबतक आठ के करीब महिलाओं के डिलीवरी हुई हैं लेकिन खाना एक भी प्रसव पीड़ित महिला को नही मिला( हांलाकि सोमवार को जच्चा को खाना नहीं मिलने का मामला तूल पकड़ता देखकर दो बजे के करीब गोहियां निवासी जच्चा सपना को स्वास्थ्य विभाग ने खाना उपलब्ध करवा वाहवाही लूटने का काम किया लेकिन अगर मामले को पीछे जोड़ कर देखें तो काफी संख्या में ऐसी जच्चा मिलेगी। जिनको प्रसव के बाद विभाग द्वारा दिए जाने वाले खाने का एक भी दाना तक नसीब नही हुआ होगा। इसके लिए कमेटी ने मंगलवार को मेडिकल आफिसर से मिलकर भविष्य में ऐसा किसी जच्चा के साथ ऐसा नहीं करने की बात कही है ताकि उनके गांव का नाम जच्चा को खाना नहीं मिला के मामले में बदनाम न हो।



सीएचसी में खाने के मामले को लेकर मेडिकल आफिसर डा. विरेंद्र से मिलते कमेटी सदस्य।

#### बजट की कमी : कोहली

नागरिक अस्पताल जींद की सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि मामले को लेकर जांच करवाई है। जांच में जच्चा को खाना दिए जाने की बात सामने आई है। हालांकि एनएचएम में बजट की कमी है। इसको लेकर निदेशालय को पत्र लिखा है लेकिन बजट के अभाव में किसी जच्चा को खाने के बिना नहीं रहने दिया जाएगा।

#### अधिकारी-डाइट प्रभारी के अलग-अलग सुर

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा डाइट प्रभारी के बातों पर अमल किया जाए तो सब अलग-अलग सुर में बात करते नजर आ रहे हैं। सीएचसी डाइट प्रभारी पूनम ने माना कि सीएचसी में प्रसव के बाद महिलाओं को चार से पांच दिनों तक खाना नही मिला। जबकि अधिकारियों ने सिविल सर्जन को सौंपी जांच में प्रसव के बाद महिलाओं को खाना देने की बात कही है। जबकि मामले को लेकर गोहियां निवासी पीड़ित की सासु मां डाइट प्रभारी के बातों का समर्थन करती नजर आ रही हैं लेकिन मामला जो भी हो, सीएचसी अलेवा में जच्चा कर्मचारियों की मनमानी की शिकार हो रही है।

# एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

एसडीएम जगदीश चंद्र ने मंगलवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया । इस दौरान एसएमओ डॉक्टर देवेंद्र बिंदलिश भी साथ मौजूद रहे। एसडीएम ने इस दौरान एक.एक करके सभी वार्डों का निरीक्षण किया और अस्पताल में डॉक्टरों की यथा स्थिति भी जानी। एसडीएम ने अस्पताल में आए मरीजों से बातचीत की और उनका हाल.चाल भी जाना। साथ ही मरीजों से पूछा गया कि क्या आपकी अस्पताल में सुविधा अनुसार देखभाल हो रही है या नहीं और दवाईयों की आपूर्ति भी आपको फार्मेसी से हो रही है। इस पर सभी मरीजों ने अपनी सहमति जताई और कहा कि उन्हें उनकी सुविधा अनुसार इलाज मिल रहा है। इस दौरान एसडीएम ने ओपीडी विभागए फार्मेसीए लैबए आपातकालीन वार्डए एक्स.रे वार्डए जनरल वार्डए डेंगू वार्ड और ऑक्सीजन प्लांट सहित सभी का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम ने लैब में आए सभी टेस्टों का इंद्राज भी रजिस्टर में चेक किया। एसडीएम ने एसएमओ को निर्देश दिए कि उपमंडल में सार्वजनिक स्थानों पर शुगर इत्यादि जांचने के लिए कैंपों का आयोजन भी करवाएं।



कार्यक्रम में भाग अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण विद्यार्थीयों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य।

### सौंगरी में गरिमा रही टॉपर

**राजौंद।** आरोही माड़ल स्कूल सौंगरी के कक्षा बारहवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साहवर्धक रहा है। आरोही स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल की प्राचार्या डा. सुनीता आहुजा ने बताया कि कक्षा बारहवी की परीक्षा में तीनो संकायों में कला वाणिज्य विज्ञान संकायों में संयुक्त रुप से 40 विद्यार्थी बैठे थे। इनमें सभी छात्र अच्छे अंको से उतीर्ण हुए है। विज्ञान संकाय में 14 विद्यार्थी,वाणिज्य मे 12 विद्यार्थी और कला में 14 छात्र परीक्षा में बैठे थे। विधालय मे मैरिट छात्रों की कुल संख्या 34 है। इन विधार्थियो मे 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले 3 विधार्थी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है इस वर्ष विधालय की होनहार छात्रा दीक्षा ने कला संकाय मे 500 में से 472 अंक लेकर अपने विधालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है।

### एसपी ऑफिस में तैनात लक्ष्मण सिंह बने एसआई

**कैथल।** एसपी ऑफिस कैथल में बतौर ड्राफ्ट्समैन तैनात लक्ष्मण सिंह को एएसआई से सब इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत होने पर एसपी आस्था मोदी ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी आस्था मोदी ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने वर्तमान पद से पदोन्नत होता है तो उसे अधिक जिम्मेदारी दी जाती है। एसपी ने नव पदोन्नत हुए उप निरीक्षक का हौसला बढाते कहा कि अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं और उन्हे पूरा भरोसा है की वे अपनी जिम्मेदारी को उचित प्रकार से निभाएंगे और हर कसौटी पर खरा उतरेगें।

### मीरा बाई के जीवन चरित्र का उल्लेख

**सफीदों।** श्री गीता मंदिर सभा के तत्वावधान में नगर के गीता मंदिर में रास लीला उत्सव के दूसरे दिन कलाकारों के द्वारा मीरा बाई का जीवन चरित्र प्रस्तुत किया गया। उत्सव में स्वामी मुक्तानंद भिक्षु महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। रास लीला का निर्देशन श्रीधाम वृंदावन से आए कुंजबिहारी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विक्रम राणा का रोल हरिओम शर्मा, मीरा बाई का रोल सतीश शर्मा, ठाकुर जी की भूमिका सूरज शर्मा व अन्य रोल दयाराम पण्डा व राजेंद्र शर्मा ने अदा किए। कलाकारों के जीवंत अभिनय को देखकर सभी भक्तिरस में सराबोर हो गए। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से बताया कि मीरा बाई को इस कलियुग की राधा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिन्होंने कलिकाल में कृष्ण भक्ति के प्रभाव के कारण विषमय दूध भी अमृत बन गया।



सफीदों। रास लीला प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि




कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में अव्वल रहे विद्यार्थी ।

### एमडीएन ग्लोबल स्कूल में अभिमन्यु टॉप

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल के छात्रों ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के 117 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें से सभी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के टॉपर रहे अभिमन्यु (नॉन मेडिकल) ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 10 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 35 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 48 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शिवम गर्ग ने बायोलोजी विषय में 99 अंकों के साथ सर्वोच्च प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने छात्रों को उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई दी है। कहा कि यह परिणाम विद्यालय के सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

### नशे के दुष्परिणाम बताए

**कैथल।** 15 से 17 मई तक पुलिस व शाह अस्पताल कैथल के सहयोग से कलायत स्थित अम्बेडकर भवन में निशुल्क नशा मुक्ति मैडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसके दौरान 2 से 5 बजे तक शाह अस्पताल कैथल के डॉक्टरों द्वारा नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को निशुल्क दवा दी जाएगी। नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्ति कलायत स्थित अम्बेडकर भवन में जाकर निशुल्क दवा ले सकते है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा नशा मुक्त कैंप का शुभारंभ किया जाएगा। पुलिस विभाग लगातार आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक कर रहा है। एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील कुमार की टीम गांव गांव जाकर आमजन सहित युवाओं को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवा रही है।



कैथल। वाहन चालकों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।



जींद। प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### किसान जैविक उर्वरकों का करें उपयोग

**जींद।** हमेटी जींद में भूमि स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए उर्वरकों के एकीकृत प्रबंधन पर चल रहे 15 दिवसीय कोर्स के ट्रेनिज ने मंगलवार को करनाल में स्थित केंद्रीय भूमि लवणता अनुसंधान संस्थान का कोर्स काऑर्डिनेटर डा. हरभगवान कंबोज के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण किया। हमेटी के निदेशक डा. कर्मचंद ने बताया कि भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए किसानों को रसायनिक एवं जैविक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करना चाहिए। रसायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग ने भूमि के भौतिक, रसायनिक एवं जैविक गुणों को बिगाड़ दिया है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति निरंतर घट रही है। अनाज की पैदावार पर किसान का अनाप श्नाप खर्चा बढ़ रहा है। किसानों को अपनी फसलों में सही खाद के प्रयोग की जानकारी मिल सके।



जींद। बच्चे से मॉडल के बारे में पूछताछ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों के बनाए प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने राजीव गांधी पॉलिटेक्निक कॉलेज नरवाना में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सेंसर वाटर एटीएम नई टेक्नोलॉजी का प्रतीक है। जो आने वाले समय में अपनी उपस्थिति व जरूरत को महसूस करवाएगा। रणधीर मताना ने कहा कि आज पानी को बचाने, इसका संचालन व रखरखाव का बहुत प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट सेंसर वाटर एटीएम बहुत महत्वपूर्ण है। जो आने वाले समय में इंसान की जरूरत बनेगा। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण पर बनाया गया मॉडल भी वर्षा के जल को सुरक्षित रखने व इसके दोबारा प्रयोग को दर्शाता है।

# संविधान को साक्षीमान आगे बढ़ रहे सीएम नायब सैनी : डा. भारत भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव चरखी दादरी जिला के प्रभारी डा. भारत भूषण टांक ने कहा कि पूरा देश बाबा साहब भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर के लिखित संविधान के अनुसार चल रहा है। दुनिया के सशक्त नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में बाबा साहब के सपनों को साकार करने का जो बीड़ा उठाया है, उसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी बाबा साहेब के संविधान को साक्षी मान कर हरियाणा का नेतृत्व कर रहे हैं और हरियाणा को एक नई विकास की दिशा की ओर ले जा रहे हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा आज समाज के अंतिम और वंचित व्यक्ति को वह सभी सम्मान व अधिकार मिल रहे हैं। जो आज की तक की पूर्व की सरकारों में कभी नहीं मिले थे। आज अनुसूचित समाज को समानता की दृष्टि से देखा जा रहा है।

### कल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग खुशहाल



भारत भूषण टाक कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी और मनोहर लाल हरियाणा के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने अनुसूचित समाज एवं वंचित वर्ग के लिए अनेक योजनाओं को जन्म दिया। जिनके कारण आज समाज में एल धरातल पर विकास देखा जा रहा है। प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनी है और इसमें सबसे बड़ा योगदान वंचित वर्ग का माना जाता है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल की जनकल्याणकारी नीतियां भी आधार बनी हैं। जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व अन्य दलों ने लोकसभा चुनाव में वंचितों को संविधान के नाम पर गुमराह करने की कोशिश की थी। परंतु विधानसभा चुनाव में दलित समाज ने कांग्रेस को मुंह तोड़ जवाब दिया और हरियाणा में इतिहास लिखते भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाई। आज सरकार की कल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग खुशहाल है।




कॉलेज में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते स्वयंसेवक व कॉलेज स्टाफ।

### पक्षियों की प्यास बुझाने में बढ़ाया हाथ

**सफीदों।** गर्मी की तपिश से मानव के साथ-साथ हर जीव-जंतु बेहाल हो रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में राजकीय महाविद्यालय सफीदों के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय सेवा संगठन के स्वयंसेवकों ने पक्षियों की सेवा में मानवीयता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की छतों, गलियों, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के बर्तनों में स्वच्छ जल भरकर रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। वहीं संयोजन स्वयंसेवक पंकज ने किया। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि एनएसएस व एनएसओ का उद्देश्य समाजसेवा है। गर्मी में जीवों के लिए जल की व्यवस्था करना उनके द्वारा किया गया बेहद प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के ये छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़े बदलाव का आधार बनते हैं।

## उपायुक्त ने बाढ़ से बचाव को लेकर अधिकारियों से किया मंथन

# सभी ड्रेन और नालों की साफ-सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि बरसाती सीजन से पहले सभी संबंधित विभाग ड्रेनों और नालों की सफाई करना सुनिश्चित करें। इस कार्य को शुरु करने से पहले की फोटो और कार्य पूर्ण होने के उपरांत की फोटो जीपीएस लोकेशन सहित भिजवाए। जिला में सभी रिंग बांधों का निरीक्षण करके रिपोर्ट दे। गर्मी का मौसम बढ़ रहा है, इसलिए हीट वेव से बचाव की पूरी तैयारियां रखे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आपदा प्रबंधन व बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। अपने-अपने विभाग के नोडल अधिकारी नियुक्त करके उसकी सूची दें। जितने भी पंप हाउस हैं, उन्हें पहले से ही दुरुस्त रखें। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के नालों की सफाई समय रहते कर दें ताकि बरसात के सीजन में जलभराव की समस्या नही आए। जिला में 142 इलेक्ट्रिक पंप, 67 डीजल पंप, 170 वर्टिकल पंप, 32 स्थाई पंप हाउस तथा चार अस्थाई पंप हाउस है। संबंधित विभाग इन सभी को चैक करके दुरुस्त रखे। जिला में मौजूद सभी संसाधनों की एक रिपोर्ट तैयार की जाए। पुलिस विभाग सभी रिंग बांधों पर निरंतर पेट्रोलिंग करें। स्वास्थ्य विभाग दवाइयों का स्टॉक पूरा रखे। सभी बीडीपीओ ग्रामीण क्षेत्र में जल निकासी के संसाधन पहले से ही तैयार रखें।



जींद। आपदा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के आदेश

मौजूदा माहौल में आपदा प्रबंधन की तैयारियां चल रही हैं। बाढ़ और जलभराव भी आपदा की तरह ही है। इसलिए आमजन की सुविधा के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए। बाढ़ नियंत्रण कक्ष और जनस्वास्थ्य विभाग में स्थापित होने वाले कक्ष का नंबर भी सार्वजनिक करें ताकि आपदा के समय तत्काल मदद दी जा सके। डीएमसी गुलजार मलिक, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, डीआरओ राजकुमार, सीएमओ डा. सुमन कोहली, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएसपी जितेंद्र कुमार, डीडी, गिरीश नागपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते नरेश जागलान। फोटो :हरिभूमि

# मन को शांत रखें: डा. नरेश जागलान

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में मानसिक शांति, तनाव से मुक्ति विषय पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मनोवैज्ञानिक डा. नरेश जागलान ने प्रमुख वक्ता की भूमिका निभाई। कार्यशाला में प्रकोष्ठ के इंचार्ज डा. गीता गुप्ता ने संयोजिका एवं डा. प्रियंका साहनी ने सहसंयोजिका की भूमिका निभाई।

### सूचना

हम, दिलबाग सिंह पुत्र श्री चन्द्र सिंह व अमरपति पत्नी दिलबाग सिंह निवासी गांव जाजवान तहसील व जिला जीन्द बयान करते हैं कि हमारा पुत्र राहुल और उसकी पत्नी अंजली हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। जो कोई भी इनसे लेन देन या व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा या राहुल किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो हमारी व हमारे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### राजकीय कन्या स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**पूंडरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय पुंडरी का सभी संकायों का परिणाम शत प्रतिशत रहा।



विद्यालय की 60 छात्राओं ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण रही। कॉमर्स की छात्रा अंजलि ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी और छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### डीबीके स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**नरवाना।** डीबीके पब्लिक स्कूल नरवाना ने कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% पास प्रतिशत प्राप्त किया है। इस वर्ष कुल 45 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। नयनिका 96%दीपांशी व 94%आरव 93:4:दीपक चहलदृ 91%सोनाक्षी दृ 90:2:18 छात्र-छात्राओं ने 80: से 90: के बीच अंक प्राप्त किए। 11 विद्यार्थियों ने 75: से ऊपर अंक प्राप्त किए। इस प्रकार कुल 29 विद्यार्थी 75: से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में सम्मिलित है।

## 12वीं के विज्ञान में अभय शर्मा तथा कामर्स में वयनी रही जिला टॉपर

# सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में ओएसडीएवी स्कूल कैथल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

इस बार भी बेटों की अपेक्षा बेटियों ने परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल । दसवीं में टॉप रहने पर नाचकर खुशी जताते ओएसडीएवी स्कूल कैथल के विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक साथ घोषित किया गया। इस बार भी बेटों की अपेक्षा बेटियों ने परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है। हालांकि बेटे भी कमतर नहीं रहे हैं। पिछले वर्ष के मुकाबले बेटों ने भी इस बार बेहतर प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए। इससे पहले परीक्षा परिणाम आने की सूचना पर विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस बार कैथल जिले में सीबीएई बोर्ड की ओर से 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें 12वीं कक्षा के करीब 7050 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और इसमें करीब छह हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 10वीं में लगभग 5300 बच्चों ने परीक्षा दी। इनमें से 4800 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया।प्रथम स्थान पर रही अनामिका 99 %अंक अर्जित किए। अनिरुद्ध एवं अंजलि ने 98.6 % अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा वैभव नैन ने 98.4% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे । विषय वार अधिकतम अंकों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय (अक) विषय में 110 छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए और गणित विषय में आठ छात्रों ने से 100 अंक प्राप्त किए वही विज्ञान विषय में तीन छात्रों ने 100 अंक प्राप्त किए सामाजिक विज्ञान विषय में दो छात्रों ने 100 अंक प्राप्त किए हिंदी विषय में तीन छात्रों ने 99 अंक और अंग्रेजी विषय में भी एक छात्रा ने 99 अंक प्राप्त किए । छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावकों के साथ विद्यालय प्रबंधन एवं अध्यापकों को देते हुए बताया कि अनुवर्त परिश्रम और योग्य मार्गदर्शन के कारण ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

### परीक्षा परिणाम में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन



यानवी



आलिक गोयल



जिला टॉपर अनन्या

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के दसवीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में उल्लास का वातावरण बन गया । 12वीं की परीक्षा में कुल 287 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वाणिज्य संकाय में यवनी ने 98.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आलिक गोयल ने 98.2 प्रतिशत प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा हिमांशु ने 98% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनन्या ने ह्यूमेनिटिज में 97 % अंक लेकर डिस्ट्रिक्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अभय शर्मा ने 96.8 %अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । दीक्षांत ने 96.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा परीक्षित ने 96.2% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषय वार अधिकतम अंकों में फाइन आर्ट्स में 7 छात्रों ने, बिजनेस स्टडीज में 2 छात्रों ने, रसायन विज्ञान विषय में 01 छात्र ने, अकाउंटेंसी में 01 छात्रा ने, अर्थशास्त्र में 01 छात्र ने, गणित विषय में 01 छात्रा ने, अंग्रेजी विषय में भी 01 छात्रा ने तथा जीव विज्ञान में 01 छात्रा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। दसवीं की परीक्षा में कुल 382 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी एवं परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा।

### पिछली बार ये रहा था परिणाम



अभय शर्मा



दीक्षांत



अनामिका



अंजली सैनी



अनिरूद्ध



वैभव नैन

सीबीएसई का वर्ष 2023 में कक्षा 10वीं में लगभग 5179 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें से 5156 बच्चों ने परीक्षा को पास किया है। वहीं 12वीं में लगभग 4299 बच्चों ने परीक्षा दी। इसमें 4267 बच्चों ने परीक्षा पास की थी। छात्रों के प्रशंसनीय प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती अंजु तलवाड़, क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन तथा विद्यालय के मैनेजर जे एस नैन ने उनके योग्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया तथा छात्रों एवं अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डीएवी स्कूल का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार

**पूंडरी।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर टॉपर रहे बच्चों को प्राचार्या साधना बख्शी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बारहवीं कक्षा की वाणिज्य संकाय की छात्रा अर्शदीप कौर ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। इसी संकाय में श्रेया ने 96.2 प्रतिशत, अंश मित्तल ने 96 प्रतिशत अंक, विज्ञान संकाय से अमृता ने 95 प्रशित अंक, कला संकाय में गरिमा बंसल ने 92.4 व चिकित्सा संकाय में कृतिका ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर में अपना स्थान बनाया। विषयों में टॉप पर रहे छात्रों में अकाउंटेंसी में 100 में से 100 अंक, बिजिनेस स्टडीज में 99 अंक, इकोनोमिक्स में 99, शारीरिक शिक्षा में 98, अंग्रेजी में 97, बायोलॉजी में 97 अंक, कैमिस्ट्री में 97 अंक, पॉलिटिकल साइंस में 97 अंक, इतिहास में 97 अंक, भौतिक विज्ञान में 95, फिजिक्स में 95, राजनीति विज्ञान में 95 अंक, हिन्दी में 93 अंक, इतिहास में 93 अंक लेकर स्कूल का स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया।





डीएवी स्कूल में टापर रहे बच्चे।

### श्वेता स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में बड़ा ही सराहनीय प्रदर्शन किया हैं। कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के तीनों संकायों आर्ट्सए कॉमर्स और नॉन मेडिकल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा हैं। कक्षा बारहवीं में कॉमर्स में महक गोलन ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं और कला संकाय में सौरभ और लवप्रीत ने टॉप किया हैं। घोषित हुए स्कूल के बेहतरीन परीक्षा परिणाम के अवसर पर समस्त स्कूल प्रांगण में खुशनुमा माहौल बना हुआ हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया ने समस्त स्टाफ सदस्यों व छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और साथ ही इन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सौरभ ने पॉलिटिकल साइंस में 90 प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन में निधि ने 98 प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन में लक्षिता ने 91 प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन में महक ने 95 प्रतिशत व फिजिकल एजुकेशन में महक रमाना ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रबंधक दीपक वालिया ने समस्त स्टाफ व बच्चों को बधाई दी।



### न्यू टैगोर स्कूल किठाना के विद्यार्थी छाए

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव किठाना के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कुल 47 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। नॉन मेडिकल संकाय में अंजलि ढांडा ने 449 अंक लेकर प्रथम स्थान व नैन्सी कुंडू 446 दित्वीय स्थान तथा महक ने 429 तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा अरमान ने 423 व अंजु ढांडा ने 415 अंक लेकर अपनी उच्च प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में टॉप फाइव विद्यार्थियों की सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरपाल सिंह ढांडा व प्रधानाचार्य अरविंद शास्त्री ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ी

# 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़ । विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**राजौंद।** राजौंद के एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल की 12 वीं कक्षा का परिणाम में सभी बच्चे अच्छे अंक लेकर उर्तीण हुए ।कॉमर्स व आर्ट साइड से पारुल ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया,नैंसी ने 87 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और ज्योति ने 84 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मेडिकल व नॉन मेडिकल साइड से प्रियांशी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया । शिवानी ने 80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और रेनू ने 78 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पारुल ने अकाउंट में 100 में से 100 अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजीव कुमार,स्कूल प्रबंधक जयपाल शर्मा व डायरेक्टर अश्विनी शर्मा ने बच्चों व अध्यापकों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह शानदार परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया ।



### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बेलरखा ने रचा इतिहास 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**नरवाना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ;ब्ठैम्द्ध द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा ने विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा परिणाम शत.प्रतिशत हासिल किया है। अध्यापक प्रदीप जगलान ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय के 42 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीए जिसमें सभी विद्यार्थी का परिणाम शत प्रतिशत रहाए जिनमें 13 विद्यार्थियों ने मेरिट और 26 विद्यार्थियों ने प्रथम अंकों से परीक्षा पास की

विद्यालय की इस सफलता पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियोंए शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनतए समर्पणए अनुशासन का परिणाम है।

विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुखबीर शर्मा ने भी समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य बलजीत गोयत के नेतृत्व में यह ग्रामीण आंचल का विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है और उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि इस बार विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय बारहवीं कक्षा का परिणाम शत.प्रतिशत रहा।

## न्यूज डायरी

### जाट स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**जींद।** जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल के 73 छात्रों में से 17 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया कि आर्ट संकाय मे श्वेता ने 500 मे से 478 अंक प्राप्त किए हैं। कॉमर्स में स्नेहा ने 471 अंक प्राप्त किए हैं। साइंस में अन्नपूर्णा ने 445 अंक प्राप्त किए हैं। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए उन्होंने स्कूल स्टाफ को बधाई दी है।

### एनएस स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत



संजना

**जींद।** एनएस पब्लिक स्कूल निडाना (जींद) की बारहवीं कक्षा की छात्रा वर्षा पुत्री रणधीर ने 500 में से 470 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 467 अंकों के साथ कॉफी पुत्री धर्मबीर द्वितीय तथा संजना पुत्री सुनील मराठा ने 438 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। काफी ने 419 अंक लेकर चतुर्थ स्थान तथा तनिषा ने 414 अंक के साथ पांचवा स्थान और मंजू ने 402 अंक लेकर मैरिट प्राप्त की। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। बारह विद्यार्थियों में से छह ने मैरिट और छह ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

### छोटूराम स्कूल के विद्यार्थी खंड में अव्वल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के छोटूराम स्कूल गतौली के छात्रों ने 12 वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 34 छात्रों ने मैरिट हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए जितेंद्र ढांडा ने कहा कि स्कूल की छात्रा कीर्ति ने विज्ञान 486 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कला संकाय में अंजू ने 467 अंक, शिक्षा ने 464 अंक, हिमांशु ने 455, यश ने 453, दिव्या ने 450, रोजी ने 444, नेहा ने 438, मुस्कान ने 434, काफी ने 431, कुसूम ने 426, अनूज ने 406, नितिन ने 394, अजय ने 387, अमन ने 386, हर्षदीप ने 385, साहिल ने 377, सीनू ने 375, मधू ने 375, अमन ने 371 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। जितेंद्र ढांडा ने कहा कि अन्य छात्रों को भी चाहिए कि वो शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करते हुए मेधावी छात्रों से प्रेरणा लें।



### सुप्रीम स्कूल ने बोर्ड परीक्षाओं में रचा कीर्तिमान

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं के 37 और कक्षा 10वीं के 30 छात्र मेरिट सूची में स्थान पाने में सफल रहे हैं। जो स्कूल की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित शिक्षण प्रणाली को दर्शाता है। दिशिता (मेडिकल) ने जिले में टॉप कर स्कूल का नाम रोशन किया और आदित्य (आट्र्स) ने जिला में दूसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं की दिशिता ने 98 प्रतिशत मेडिकल में, आदित्य ने 97.4 प्रतिशत आट्र्स में, ज्योति ने 94 प्रतिशत कॉमर्स में, रजत मान ने 90.4 प्रतिशत नॉन मेडिकल में प्राप्त किए। कक्षा 10वीं के दर्शील ने 93.8, देव ने 93.6, सारिका ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन छात्रों के अलावा कई अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हम अपने छात्रों की सफलता पर गर्व करते हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरत अत्री ने भी सभी छात्रों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## रिद्धि ने कॉमर्स संकाय में 97.8 अंक, वंशिका ने आर्ट में 96.4 अंक प्राप्त किए

# डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का 10वीं-12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

सफलता न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। खुशी व्यक्त करते हुए डीएवी स्कूल प्रबंधन व बच्चे।

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत और शानदार रहा। डीएवी प्राचार्या रश्मी विद्यार्थी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा परिणाम के विषय में बताया कि रिद्धि ने कॉमर्स संकाय में 97.8 अंक, वंशिका ने आर्ट में 96.4 अंक, काजल ने मेडिकल में 95.2 अंक व पारुल ने नॉन मेडिकल में 93.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं दसवीं कक्षा में निधि व रिद्धिमा ने 98.6 अंक प्राप्त किए। खुशी अनेजा ने बिजनेस स्टडी में 100 अंक, कोमल और धैर्य ने इकोनॉमिक्स 100 अंक, तान्या, रिद्धि, तनीषा और रिया ने इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 100 अंक व काजल, उज्वल, तनवीर, ज्योति, खुशी और तनिषा ने म्यूजिक में 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 118 छात्रों को मेरिट प्राप्त हुई है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के 20 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहेद्ध वहीं 37 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रशासन, अभिभावकगण और शिक्षकगण इस उपलब्धि पर अत्यंत गौरवान्वित हैं। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनके कठिन परिश्रमए अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। यह सफलता न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। बच्चों ने कहा कि विद्यालय की प्राचार्या एवं अभिभावक गण ने समय-समय पर मार्गदर्शन दिया और उनकी पढ़ाई के लिए हर प्रकार की व्यवस्था की। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए विद्यालय में सीबीएसई परीक्षा व कॉम्पिटेटिव एक्जाम के लिए अपने स्तर पर हर प्रकार की व्यवस्था दी जाती है।

### 145 बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए

इसके अलावा 66 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाया। दसवीं कक्षा में आईटी में 11 बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। गणित में तीन बच्चों ने 100 में से 100 सामाजिक में दो बच्चों ने 100 में से 100 अंक, अंग्रेजी में 100 में से 100 एक बच्चे ने प्राप्त किए। संस्कृत में दो बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा में 73 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 145 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना दमखम दिखाया।

### एएस स्कूल का बारहवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

पूंडरी। एएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंडरी ने हरियाणा भिवानी बोर्ड बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतप्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। विद्यालय की छात्रा दिव्या सुपुत्री संजीव कुमार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, चिराग सुपुत्र अशोक कुमार ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त अलिशा, सुपुत्री संजीव कुमार व तानिया सुपुत्री कर्मवीर ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुदेश बंसल, मैनेजर विवेक बंसल व प्रिंसिपल गीता खसबर ने इस सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिकबधाई दी।





### बडनपुर के 132 विद्यार्थियों में से 71 की मेरिट

**नरवाना।** प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि आज 12वीं कक्षा का हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें विद्यालय से 132 विद्यार्थियों की परीक्षा दी। जिसमें 71 मेरिट विद्यार्थी ने हासिल करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का परीक्षा 99 प्रतिशत रहा। आट्र्स के विद्यार्थी सचिन ने 500 में से 453 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवं साइंस की छात्रा खुशबू ने 500 में से 446 संघ प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा कॉमर्स के विद्यार्थी चांदराम ने 500 में से 445 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम से विद्यालय में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि विद्यालय से पिछले 5 सालों में 8 बच्चे नीट क्वालिफाइड करके गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे हैं। तथा तीन विद्यार्थी आईआईटी की परीक्षा पास करके आईआईटी जम्मू जयपुर में इंजीनियरिंग कर रहे हैं।